तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 24 जून 2024



4 पीएम जनमन योजना से दो बिरहोर परिवारों का पक्का घर हुआ तैयार






## खबर संक्षेप




### 2 थाना इंचार्ज समेत 49 जवानों के बदले थाने

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने विभागीय कामकाज में कसावट लाने दो निरीक्षकों सहित 49 पुलिसकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। एसपी ने दो थानेदारों के प्रभार में फेरबदल किया है तो वहीं तीन उपनिरीक्षक, 6 सहायक उप निरीक्षक व 10 प्रधान आरक्षक एवं 23 आरक्षकों का ट्रांसफर किया है। एसपी श्री पटेल द्वारा जारी तबादला सूची के अनुसार भूपदेवपुर थाना प्रभारी रामकिकर यादव अब धर्मजयगढ़ के नये थाना प्रभारी होंगेए वहीं निरीक्षक कमला पुसाम को भूपदेवपुर थाना का प्रभार सौंपा गया है। एसपी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार भूपदेवपुर थाना प्रभारी रामकिंकर यादव को धर्मजयगढ़ व निरीक्षक कमला पुसाम को भूपदेवपुर का प्रभार दिया है। इसी कड़ी में उप निरीक्षक अमरनाथ शुक्ला को कोतवाली से थाना खरसिया, उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन को थाना खरसिया से कोतवाली व उप निरीक्षक गिरधारी साव को रक्षित केंद्र से जूटमिल थाना में पदस्थ किया है। वहीं सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर नायक को यातायात से कोतवालीए सुरेन्द्र वर्मा लैलूंगा से कापू, उदय सिंह सिदार चक्रधर नगर से छाल, राजेश दर्शन खरसिया से लैलूंगा, हेमंत कश्यप खरसिया से लैलूंगा वहीं महिला सहायक उप निरीक्षक सरस्वती महापात्रे को खरसिया से लैलूंगा थाना में पदस्थ किया गया है।

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रायगढ़। ट्रेलर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिसरिंगा निवासी रघुनाथ राठिया पिता रतिराम राठिया सिसरिंगा निवासी ओसिम खान के बीज भंडार दुकान में काम करता था। जिससे रोज की तरह 21 जून को भी रघुनाथ दुकान में काम करने के लिए गया था। इस दौरान दुकान के काम से दुकानदार के बाइक को लेकर धरमजयगढ़ आया था जहां से शाम करीब सात बजे वापस जा रहा था इस दौरान चिकटवानी मोड़ के पास धरमजयगढ़ पत्थलगांव मेन रोड में पहुंचा ही था कि पत्थलगांव की ओर से तेज रफ्तार में आ रही हाईवा क्रमांक सीजी.10 बीएच 9396 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार रघुनाथ राठिया को जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे रघुनाथ के सिर व शरीर के अन्य जगह गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ऐसे में राहगीरों ने देखा तो तत्काल इसकी सूचना धरमजयगढ़ पुलिस को दियाए जिससे पुलिस उसके शव को अस्पताल भेजते हुए घटना की सूचना उसके परिजनों को दिया, जिससे शनिवार को मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 304ए के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### फारेस्ट गार्ड ने नाबालिग से की छेड़खानी, भेजा जेल

रायगढ़। महिला संबंधी अपराधों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चक्रधरनगर पुलिस ने नाबालिग से छेड़खानी मामले में आरोपी सोनेश टोप्पो वनपाल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कल पीड़ित बालिका अपने परिजनों के साथ थाने आकर घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोनेश टोप्पो का घर आना जाना है। बालिका बताई कि सोनेश आए दिन घरवालों की गैर मौजूदगी में उसे गलत नीयत से छूता था जिससे वह असहज महसूस कर सोनेश को मना करती थी। इसी तरह सोनेश 21 जून के शाम बालिका को घर में अकेली देखकर उसे गंदी नियत से स्पर्श किया, पकड़ा जिससे बालिका घबरा गई और अपने माता पिता को सोनेश की हरकतें बताई घर में सलाह मशविरा कर बालिका परिजनों के साथ थाना आई और थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को घटना की संपूर्ण जानकारी लिखित में दी। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया और आरोपी के विरूद्ध धारा 354, 354 क आईपीसी 8, 12 पोक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश देकर आरोपी सोनेश टोप्पो पिता युबनुश टोप्पो 38 साल ग्राम सराईटोला थाना दुलदुला जिला जशपुर हाल मुकाम फॉरेस्ट कॉलोनी रायगढ़' को हिरासत में लिए जिसे आज न्यायिक रिमांड पर कोर्ट पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

# रेलयात्रा कर बताएं कैसा रहा आपका सफर, सरकार देगी पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अलग खबर

रेलगाड़ी की यात्रा को सबसे सुखद व आरामदायक माना जाता है। यह यात्रा करने के बाद लोग घरों में बैठकर व मित्रों के साथ अपनी यात्रा का अनुभव साझा करते है। जिसमें बताते हैं कि रेलगाड़ी में क्या क्या सुविधाएं नई आई है, रेलगाड़ी की सफाई, प्लेटफार्म की व्यवस्था सहित अन्य बातें शामिल होती है।

अब ऐसे ही रेलयात्रा के वृत्तांत सुनाकर आप पुरस्कार जीत सकते है। वह भी 10 हजार रुपए तक। यह योजना रेलवे की ओर से रेल यात्रा को अधिक बेहतर बनाने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर पर चलाई जा रही है। इस योजना का एक उद्देश्य हिन्दी भाषा को बढ़ावा देना भी है।

## रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना



### ऐसा होना चाहिए वृत्तांत

यात्रा वृत्तांत हिंदी भाषा और मौलिक होना चाहिए। वृत्तांत में कम से कम 3000 व अधिकतम 3500 शब्द होने चाहिए। वृत्तांत के प्रारंभ में एक कागज पर बड़े अक्षरों में नाम, पदनाम, आयु, कार्यालय निवास का पता मातृभाषा तथा संपर्क के लिए मोबाइल नंम्बर ई मेल आदि का उल्लेख किया जाना चाहिए।

### पेश करना होगा घोषणा पत्र

भाग लेने वाले केन्द्र व राज्य सरकार के कार्मिकों को एक घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। जिसमें यह बताना होगा कि उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक मामला लम्बित नहीं है। सभी प्रतिभागियों को यह भी उल्लेख करना होगा कि संबंधित रेल यात्रा वृत्तांत मेरी मौलिक रचना है। इसे किसी अन्य पुरस्कार योजना के तहत पुरस्कृत नहीं किया गया है।

### इतना मिलेगा पुरस्कार

प्रथम पुरस्कार एक 10,000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार एक 8,000 रुपए, तृतीय पुरस्कार एक 6,000 रुपए, प्रेरणा पुरस्कार पांच 4,000 रुपए।

प्रतियोगी अपनी प्रविष्टि दो प्रतियों में 31 जुलाई तक सहायक निदेशक हिंदी प्रशिक्षण कमरा नं. 316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली को भिजवा सकते है।रेलवे प्रशासन की ओर से सीपीआरओ अंबिकेश साहू ने बताया कि रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड की ओर से सभी भारतीय नागरिकों के लिए हिंदी भाषा में रेल यात्रा वृत्तांत योजना 2024 के तहत रेल यात्रा के सम्बंधी अनुभव आमंत्रित किए जा रहे हैं। जिसमें हिंदी में लिखित सर्वोत्तम रेल यात्रा वृत्तांतों के विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे। यह पुरस्कार योजना राष्ट्रीय स्तर पर संचालित हो रही है।

## अस्पताल से मर्ग डायरी थाने पहुंचने में देरी

# शव का पीएम कराने भटकते रहे परिजन, अंत में नहीं हो सका पीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कोतरा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम काशीचुंआ निवासी युवक की मेकाहारा में मौत के बाद परिजनों को पोस्टमार्टम कराने के लिए जिला अस्पताल में करीब 5 घंटे तक भटकना पड़ा। इसकी बड़ी वजह यह है कि मेकाहारा के चिकित्सक व कर्मचारियों ने मर्ग कायम को निर्धारित समय में थाने ही नहीं भेजा, परिजन लगातार तीन से चार बार मेकाहारा के चक्कर काटते नजर आए। इस लापरवाही की वजह से रविवार को दिन भर भटकने के बाद भी मृतक का पोस्टमार्टम नहीं हो सका।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम काशीचुआं निवासी शंकरलाल खड़िया को शाम को घर के पीछे प्रशाधन सांप ने काट लिया। जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसे आनन फानन मे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा था। किंतु रविवार की दोपहर करीब 12 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ऐसे में मेकाहारा से पोस्टमार्टम के लिए उसके शव को जिला अस्पताल के शव गृह भेज दिया। किंतु मेकाहारा से मृतक की मर्ग डायरी को कोतरा रोड थाने पहुंचने करीब 5 घंटे का वक्त लग गया। ऐसे में परिजन जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम होने का इंतजार करते रहे। एक से दो घंटे बीत जाने के बाद भी जब पोस्टमार्टम शुरू नहीं हो सका तो परिजन ने करीब दो से तीन बार मेकाहारा तक यह जानने के लिए भी दौड़ लगा कि आखिर पोस्टमार्टम में देरी क्यों लग रही है। जब वे मेकाहारा पहुंचे तो पता चला कि मेकाहारा से मर्ग डायरी कोतरा रोड थाने नहीं पहुंच सकी है।

वहीं मेकाहारा में कार्यरत एक कर्मचारी ने परिजनों को बताया कि शाम करीब 5 बजे तक पोस्टमार्टम हो पाएगा। ऐसे में परिजन खाली हाथ वापस जिला अस्पताल आ गए। इसी बीच थाने से उन्हें सूचना मिली कि शाम करीब 5.30 बजे मर्ग डायरी प्राप्त हुई और दिन ढलने के बाद पीएम नहीं किया जा सकेगा। वहीं अब चिकित्सक भी जा चुके हैं। ऐसे में परिजनों को बैरंग की वापस अपने घर लौटना पडा।

### एक पीएम करने लग गए 24 घंटे

मेकाहारा की इस लापरवाही की वजह से मृतक का पीएम रविवार को नहीं हो सका। अब मृतक का पोस्टमार्टम आज होगा। यानी एक शव को पोस्टमार्टम करने में करीब 24 घंटे का वक्त लगा। अहम बात यह है कि पोस्टमार्टम के लिए मर्ग डायरी विलंब से भेजने की इस लापरवाही के कारण यह समस्या परिजनों को झेलनी पड़ी। ऐसा नहीं है कि ऐसा पहली बार हुआ है, इससे पहले भी कई बार इस तरह की लापरवाही मेकाहारा प्रबंधन की सामने आ चुकी है। किंतु इसमें सुधार करने के बजाए ध्यान नहीं दिया जाता है। जिससे मृतकों के परिजनों को बेवजह परेशान होना पड़ता है।

# रेलवे के एक नियम से यात्री हो रहे परेशान अफसरों के पास भी नहीं कोई समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे का एक नियम इन दिनों रेल यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इसके तहत किराया वसूलने के बावजूद रेलवे यात्रियों को कंफर्म टिकट नहीं दे रहा और उनसे जुर्माना भी वसूल रहा है। हावडा मुंबई रुके पर रायगढ़ से गुजरने वाली ट्रेनों में रोजाना ऐसे यात्रियों की पीड़ा सामने आ रही है।

- रेलवे पहले जारी कर रहा वेटिंग टिकट फिर वसूल रहा यात्रियों से जुर्माना

दरअसल कंफर्म टिकट खत्म होने के बाद भी रेलवे प्रतिदिन हजारों यात्रियों को 100 पार वेटिंग टिकट जारी कर रहा है। लेकिन इस वेटिंग टिकट पर सफर करने पर यात्रियों से जुर्माना भी वसूल रहा है। पहले वेटिंग टिकट के साथ यात्रियों को सफर करने दिया जाता था लेकिन इन दिनों उन्हें कोच से उतारा जा रहा है। इतना ही नहीं उनसे जुर्माना भी वसूला जा रहा है। बिलासपुर मंडल में गत 10 दिन में 2 हजार से ज्यादा यात्रियों से जुर्माना वसूला है। उन्हें जबरन उतारकर रिजर्वेशन कोच से जनरल में भी भेजा जा रहा है। वहां पहले ही भीड़भाड़ रहती है। ऐसे में रेलवे के इस नियम के खिलाफ यात्रियों में आक्रोश बढ़ रहा है। कई यात्री सोशल साइट्स के जरिये पीड़ा जाहिर करते हुए शिकायत भी कर रहे हैं।



### पड़ताल में ट्रेनों में ये हालात नजर आए

रायगढ से गुजरने वाली ट्रेनों की पड़ताल की तो चौकाने वाले हाल दिखे। ज्यादातर ट्रेनों के जनरल कोच खचाखच भरे थे। वहीं स्लीपर कोच में भीड़ थी लोग गैलरी में बैठकर और खड़े होकर यात्रा करने को मजबूर दिखे। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, झारखंड, बिहार जाने वाली लंबी रुट की ट्रेनों में स्लीपर श्रेणी में बुकिंग करने पर 80 से 100 तक वेटिंग चल रही है। एसी कोच में बुकिंग में 20 से 50 तक वेटिंग मिल रही है। ऐसी ही स्थिति राजस्थान, जयपुर, ओडिशा और गुजरात जाने वाली ट्रेनों की भी है। हर ट्रेन में वेटिंग 80 से 120 तक बनी हुई है।

### शिकायत पर करनी पड़ रही कार्रवाई

रेलवे अधिकारी सीधे तौर पर तो इस नियम को लेकर कुछ नहीं बोल रहे। हालांकि उनका कहना है कि कंफर्म टिकट वाले यात्री जब शिकायत करते हैं तो कार्रवाई करनी पड़ती है।

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला, रायगढ़ क्लब पर जिला प्रशासन का ही आधिपत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ शहर में स्थित रायगढ़ क्लब में अनाधिकृत आधिपत्य हेतु अनिल अग्रवाल द्वारा दायर सिविल अपील को सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज कर दिया गया है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में 12 जून को छत्तीसगढ़ के स्टेंडिग काउंसिल विनायक शर्मा द्वारा सुप्रीम कोर्ट में प्रशासन के पक्ष में पैरवी की गई। अंततः अनिल अग्रवाल द्वारा दायर सिविल अपील को खारिज कर दिया गया।

ईई पीडब्लूडी रायगढ़ संभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ क्लब शासकीय भूमि में निर्मित एवं प्रशासन के अधीन वर्ष 1926 से स्थानीय अपंजीकृत सहकारी समीति द्वारा संचालित किया जा रहा था। रायगढ़ क्लब के भवन का संधारण जिला प्रशासन लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता रहा है। वर्ष 2011 में क्लब परिसर में असामाजिक गतिविधियां होने के कारण तत्कालीन कलेक्टर द्वारा 01 दिसंबर 2011 को आदेश जारी कर लोक निर्माण विभाग को भवन आधिपत्य में लेने हेतु निर्देशित किया गया, निर्देश के परिपालन में भवन का आधिपत्य लोक निर्माण विभाग द्वारा लिया गया। कलेक्टर जिला रायगढ़ के 01 दिसंबर 2011 के आदेश के विरूद्ध अनिल अग्रवाल ने हाई कोर्ट बिलासपुर में 26 अप्रैल 2012 को रिट पिटीशन दायर किया। जिसे माननीय हाई कोर्ट ने 1 नवंबर 2012 को खारिज कर दिया था। अनिल अग्रवाल द्वारा 23 नवंबर 2012 को हाई कोर्ट के डबल बेंच में रिट दायर किया गया। जिसे डबल बेंच द्वारा 11 सितंबर 2014 को खारिज कर दिया था। जिसके पश्चात सुप्रीम कोर्ट में अनिल अग्रवाल द्वारा 12 दिसम्बर 2014 को सिविल अपील दायर किया गया, जिसमें राज्य एवं जिला प्रशासन द्वारा तथ्यात्मक पक्ष एवं अभिलेख प्रस्तुत किया गया था। जिसके आधार पर वर्तमान कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में 12 जून 2024 को छत्तीसगढ़ राज्य के स्टेंडिग काउंसिल विनायक शर्मा द्वारा सुप्रीम कोर्ट में प्रशासन के पक्ष में पैरवी की गयी। अंततरू अनिल अग्रवाल द्वारा दायर सिविल अपील को खारिज कर दिया गया।

# व्यापमं की टीईटी परीक्षा में तकनीकी त्रुटि से परेशान हुए विद्यार्थी



रायगढ़। व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 23 जून को ली गई सीजी टेट उच्च प्राथमिक विभाग के लिए आयोजित परीक्षा में तकनीकी त्रुटि पाई गई। इसकी वजह से परीक्षार्थियों को परेशान होना पड़ा।

वही बहुत से परीक्षार्थियों का उत्तर भी गलत हो गया। इस प्रश्न को देखकर परीक्षार्थी भ्रम में पड़ गए। परीक्षार्थियों का समय भी इसमें बर्बाद हुआ। क्वेश्चन पेपर के सेट डी में प्रश्न क्रमांक 55, 56 और 57 उचित क्रम में नहीं था। प्रश्न क्रमांक 57 में एक हिन्दी में पैराग्राफ दिया गया था। इसे पूरा ध्यान से पढ़ने के बाद ही संबंधित प्रश्नों के उत्तर देने थे। इससे संबंधित तीन प्रश्नू पूछे गए थे। तकनीकी की त्रुटि यह रही कि उत्तर पहले पूछा गया और प्रश्न को बाद में अगले पेज पर प्रकाशित किया गया था। इसके चलते बहुत से परीक्षार्थियों ने पैराग्राफ पढ़े बिना ही उत्तर बना लिया था। इसकी वजह से बहुत से परीक्षार्थी भ्रम में पड़ गए। जिन परीक्षार्थियों ने सचेत होकर इन सभी प्रश्नों को हल किया। उनके ही उत्तर सही हो सके हैं। इस त्रुटि के चलते परीक्षार्थियों को बोनस अंक मिलना चाहिए। अभिभावक संस्कार श्रीवास्तव ने इस संबंध में व्यापम को शिकायत भेज दी है।

### 826 ने पीपीटी व 6229 ने दिलाई टीईटी

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को दो पालियों में पीपीटी व टीईटी की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें जिले में 826 परीक्षार्थियों ने पीपीटी की तो दो पालियों में 6 हजार 229 ने टीईटी की परीक्षा दिलाई। इस दौरान दोनो ही परीक्षाओं में कुल 9 हजार 932 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।
बता दें कि जिले में पीपीटी की परीक्षा सुबह 9 से 12.15 बजे तक 9.30 से 12.15 बजे तक टीईटी की पहली पाली की परीक्षा हुई। कक्षा 1 से 5 तक अध्यापन करने वालों के लिए दोपहर 2 से 4.45 बजे तक टीईटी तथा कक्षा 6 से 8 तक अध्यापन करने वालों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। जिले में पहली पाली में पीपीटी के लिए 7 परीक्षा केन्द्र व टीईटी के लिए 34 इस तरह कुल 41 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जिसमें प्रातः की पाली में पीपीटी की परीक्षा के लिए 7 परीक्षा केन्द्रों में 1 हजार 872 और टीईटी की परीक्षा के लिए 34 परीक्षा केन्द्रों में 9 हजार 861 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसी प्रकार शाम की पाली में कुल 50 केन्द्रों में 15 हजार 254 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। अहम बात यह रही कि पीपीटी के लिए बनाए गए 7 केंद्रों में पंजीकृत 1862 परीक्षार्थियों में से सिर्फ 826 ने परीक्षा दिलाई और 1 हजार 46 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार टीईटी सुबह की पाली में 34 केन्द्रों में पंजीकृत 9 हजार 861 परीक्षार्थियों में 6 हजार 233 ने परीक्षा दिलाई, शेष 3 हजार 623 अनुपस्थित रहे। वहीं शाम की टीईटी की परीक्षा में 50 केन्द्रों में 15 हजार 264 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से सिर्फ 9 हजार 991 ने परीक्षा दिलाई।




# गर्जना से एक दर्जन इंसुलेटर को नुकसान

रायगढ़। शुक्रवार शाम को तेज गर्जना के साथ बारिश होने से शहर के 2 फीडर के करीब एक दर्जन इंसुलेटर भ्रष्ट हो गए, जिससे आधे शहर की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और लोग रात भर गर्मी व उमस से बेहाल रहे। हालांकि विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा लगातार सुधार करने के बाद शनिवार को सुबह में बिजली व्यवस्था बहाल हो सका। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार से जिले में मानसून की एंट्री हो गई है। जिससे बीती रात तेज अंधड़ व गर्जना के साथ करीब दो घंटे तक झमाझम बारिश हुई, हालांकि उसके बाद बारिश की गति कम हो गई, लेकिन आधी रात तक बूंदाबांदी होती रही। जिससे गर्मी से तो कुछ हद तक राहत मिल गई थी, लेकिन आधे शहर के दो फीडर के करीब एक दर्जन इंसुलेटर गर्जना के चलते खराब हो गए। जिससे बिजली व्यवस्था चौपट होने से लोगों को पूरी रात अंधेरा में रहना पड़ा। हालांकि बारिश बंद होते ही बिजली विभाग द्वारा चार टीम तैयार कर अलग अलग जगहों में सुधार कार्य के लिए भेजा गया। जो पूरी रात सुधार कार्य में लगी रही। कहीं रात तीन बजे तो कहीं सुबह पांच बजे बिजली व्यवस्था बहाल हो सकी।

## पहले बांटे पांच हजार हेलमेट, अब शुरू की कार्रवाई

# बिना हेलमेट 265 दुपहिया चालकों का कटा चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा लोगों को खास तौर पर बाइक सवारों को हेलमेट की अहमियत बताने के लिए पुलिस अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत एक ही दिन 265 बाइक सवारों को बिना हेलमेट वाहन चलाने के लिए जुर्माना लगाया गया। इस कार्रवाई में एक ही दिन में रिकार्ड 1 लाख 21 हजार 400 रूपए शमन शुल्क की रिकव्हरी की गई।

बता दें कि जिले की यातायात व थानों की टीम यातायात जागरूकता को लेकर प्रतिदिन वाहन चेकिंग कर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही कर रहे हैं। जिसके तहत बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने के साथ ही वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट भी वितरित किया जा रहा है। हेलमेट की अनिवार्यता और अहमियत का एहसास कराने के लिए वर्तमान में जिला पुलिस लगातार बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई कर रहा है। अहम बात यह है कि बाइक सवारों के दुर्घटनाग्रस्त होने पर कई बार यह देखा गया कि सिर पर अधिक व अंदरूनी चोंटे लगती है, जिसकी वजह से कई बार उनकी जान भी चली जाती है।

यही वजह है कि पुलिस इस अभियान के जरिए हेलमेट की उपयोगिता व अहमियत को बता रही है। शनिवार को विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा की गई कार्रवाईयों में कुल 265 व्यक्तियों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चलानी कार्यवाही की गई। जिसमें 1 लाख 21 हजार 400 रूपए शमन शुल्क प्राप्त हुआ। जिसे राजस्व खाते में जमा किया जाएगा।

### इन थानों मे इतनी कार्रवाई

जानकारी के अनुसार थाना यातायात 78 प्रकरण, कोतरारोड 32, खरसिया 29, चक्रधरनगर 25, कोतवाली 17, धरमजयगढ़ 15, पूंजीपथरा और तमनार 14-14, घरघोड़ा 12, जूटमिल 10, कापू और लैलूंगा 7-7 तथा भूदेवपुर 5 व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई है। मुख्य बात यह है कि चक्रधरनगर, यातायात पुलिस, कोतरारोड खरसिया जैसे थाना क्षेत्रों में अधिक कार्रवाईयां की गई है।

# ट्रक की चपेट में आकर चालक की मौत, अपराध दर्ज

रायगढ़। खलासी द्वारा ट्रक को बैक करने के दौरान चालक उसके चपेट में आ गया, जिससे गंभीर रूप से घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है।

जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के बालाघाट जिला अंतर्गत ग्राम लालबहरी निवासी सितेश सहारे पिता राजाराम सहारे विगत दो.तीन साल से महाराष्ट्र के शंकरनगर में रहते हुए ट्रक चलाने का काम करता था। ऐसे में उसने ट्रक क्रमांक एमएच 16 बीसी 7222 में नागपुर से चावल लोड कर गुरुवार को जूटमिल थाना क्षेत्र के सावित्रीनगर में आया था, जहां दिन में चावल खाली करने के बाद ट्रक के नीचे आराम कर रहा था। इस दौरान शाम को ट्रक के खलासी को लगा चालक कहीं गया है, जिससे उसने ट्रक को चालू कर बैक करने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान सितेश सहारे के ऊपर ट्रक का चक्का चढने से उसने शोर मचाया तब उसने वाहन को रोककर नीचे देखा तो सितेश गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे उपचार के लिए तत्काल मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान रात करीब 12 बजे उसकी मौत हो गई। ऐसे में अस्पताल से भेजी गई सूचना पर पुलिस ने उसके शव को जिला अस्पताल के मरच्यूरी में रखवाते हुए घटना की सूचना उसके परिजनों को दियाए ऐसे में शनिवार को परिजनों के आने पर जूटमिल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

23-Jun- Jash-CORIYA-RAG-Bhoomi pg-2_Layout 1 6/23/2024 7:33 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### समर्थकों ने केक काटकर मनाया पूर्व मंत्री का जन्मदिन

**अंबिकापुर।** पूर्व मंत्री अमरजीत भगत का जन्म दिन उनके समर्थकों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। समर्थकों ने पूर्व मंत्री श्री भगत के निवास पर पहुंचकर केक काटा और उनके लंबी उम्र की कामना करते हुए जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान पार्षद दीपक मिश्रा, लालचंद यादव, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी, सुरेंद्र चौधरी, छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के सदस्य अभिषेक सिंह, विनय पांडे, शिव प्रसाद अग्रहरि, मनोज सोनी, सैयद सादिक हुसैन, मनीष पांडे, अनुराग सिंह, संदीप जायसवाल, सोहराब फिरदौसी, शुभम सोनी, आदर्श बंसल व अन्य मौजूद थे।

### पार्वती इंस्टीट्यूट में मनाया गया योग दिवस



**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एण्ड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय एवं नर्सिंग महाविद्यालय सिलफिली जिला-सूरजपुर में योगासनों का अभ्यास किया गया। योग शिक्षिका श्रीमती पूनम पाण्डेय एवं सुश्री पद्मावती पाण्डेय ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायामों का अभ्यास कराया। इस दौरान अध्यक्ष सह चेयरमैन प्रमेन्द्र तिवारी, प्रभारी प्राचार्य श्रीमती प्रीति सोनी, श्रीमती एस.एम. जागृति लकड़ा सहित सभी अध्यापक एवं रासेयों के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### 12 पशु सखी को बांटे गए मेडिसिन किट

**प्रतापपुर।** संगता सहभागी ग्रामीण विकास संस्थान कार्यालय में पशु सखी बैठक का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण तकनीकी सहयोग द गोस्ट ट्रस्ट और सयोजक अजीम प्रेम फाउंडेशन लखनऊ से प्रशांत ने प्रतापपुर ब्लाक के गोरगी, सेमराखुर्द, डाड करवा, करसी, हरिहरपुर, भरदा, दरहोरा, जजावल, देवरी भेंड़िया, पकनी के बारह पशु सखी को मेडिसिन किट वितरण किया गया। इस दौरान प्रतापपुर पशु चिकित्सा अधिकारी बच्चेलाल, संगता के डायरेक्टर भूपेन्द्र बहादुर सिंह, विरेन्द्र कुमार धुर्वे, सुरेश कुमार यादव, कलवंत सिंह, मनियारों, शिवमंगल, कोलिका, मुसाहित सहित अन्य उपस्थित थे।

### सीढ़ी से गिरा युवक, अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम

**अम्बिकापुर।** पान ठेला के समीप सीढ़ी चढ़ने के दौरान युवक गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार नवापारा चर्च के समीप निवासी शेख हबीब आ. स्व. शेख रमजान (40 वर्ष) गत दिन दोपहर नवापारा चौक के समीप पान ठेला के सीढ़ी पर चढ़ रहा था। इसी दौरान नीचे गिरने तथा सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही अचेत हो गया। परिजन घायल को नवापारा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**राजपुर।** थाना अंतर्गत ग्राम चिलमाला कला निवासी 19 वर्षीय युवती शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद घर के परछी में सो गई थी। इस दौरान लगभग 12 बजे मृतिका का भाई आंगन की तरफ गया था तो उसकी बहन अपने बिस्तर पर सो रही थी लेकिन आज सुबह जब परिजन सोकर उठे तो उनके होश उड़ गए। युवती की लाश बिना दरवाजे वाले कमरे में मयार से चुनरी के सहारे फांसी से लटकी हुई थी। परिजन द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। संभावना जताई जा रही है कि युवती ने रात 1 से 5 बजे के बीच फांसी लगाई है। इस घटना के बाद परिजन में शोक का माहौल है। थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि घटना स्थल से मृतिका के मोबाइल फोन, उसके कॉपी पुस्तक को जब्त किया गया है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आत्महत्या के कारणों का पता चल सकेगा।

### कैबिनेट मंत्री की पहल पर हुआ हैंडपंप खनन, लोगों में खुशी



**सलका अधिना।** विकासखंड भैयाथान के ग्राम पंचायत चुनगड़ी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में इस भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल की भारी समस्या थी। जिस पर कई बार प्रयास करने के बाद भी समुचित उपाय नहीं हो रहा था। आसपास में जल संकट से लोग परेशान थे। पेयजल की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को ज्ञापन सौंपा। कैबिनेट मंत्री ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में हैंडपंप खनन करने हेतु गाड़ी भेज खनन करवाया। हैंडपंप खनन होने से लोगों में हर्ष व्याप्त है। इस दौरान उप सरपंच चुनगड़ी रवि विश्वकर्मा, भरत तिर्की, रामबिलास राजवाड़े, लालजी राजवाड़े, विनोद सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## सरगुजा सांसद ने किया दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव का शुभारंभ

# आने वाले समय में भव्य रूप से होगा रामगढ़ महोत्सव : चिंतामणी



संगोष्ठी में पुस्तक विमोचन करते अतिथि।



स्टॉल का अवलोकन करते सांसद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आषाढ़ माह के प्रथम दिवस पर भारत की प्राचीन नाट्यशाला के रूप में विख्यात रामगढ़ में दो दिवसीय महोत्सव का भव्य रूप से शुभारम्भ किया गया। महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर शोधार्थियों द्वारा शोध पत्रों का वाचन किया गया। वहीं कवि सम्मेलन, मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

**खास बात**

- शोध पत्रों का किया गया वाचन

शनिवार को दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद चिंतामणी महाराज ने कहा कि सरगुजा के इस ऐतिहासिक स्थल रामगढ में वनवास के दौरान भगवान राम, माता सीता एवं लक्ष्मण के आगमण एवं निवास का प्रमाण मिलता है जो सीता बेंगरा गुफा के नाम से जानी जाती है। महाकवि कालिदास ने यहीं अपने खंडकाव्य मेघदूत की रचना की। इस ऐतिहासिक महत्व के स्थल को देश-विदेश में पहचान दिलाने लगभग 50 वर्षों से लगातार यहां महोत्सव का आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि आने वाले वर्षों में यह आयोजन और भव्य आयोजन होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह ने भी रामगढ़ महोत्सव की शुभकामनाएं प्रेषित की। जिला पुरातत्व संघ से आलोक दुबे ने रामगढ़ महोत्सव का संक्षिप्त विवरण सभी के समक्ष रखा। कलेक्टर सरगुजा के मार्गदर्शन में आयोजित रामगढ़ महोत्सव के शुभारंभ समारोह में अपर कलेक्टर सुनील नायक ने प्रशासकीय प्रतिवेदन पढ़कर रामगढ के इतिहास एवं कार्यक्रम की रूपरेखा के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बता दें कि रामगढ़ में भारत की प्राचीन नाट्यशाला मौजूद है। रामगढ़ पहाड़ियों में महाकवि कालिदास ने खंडकाव्य मेघदूत की रचना की थी। आषढ़ के प्रथम दिवस पर यहां उत्सव मनाया जाता है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य राजनाथ सिंह, श्रीमती राधा रवि, जनपद पंचायत अध्यक्ष उदयपुर श्रीमती भोजवंती सिंह, उपाध्यक्ष नीरज मिश्रा, करता राम गुप्ता सहित जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में महोत्सव का आनंद लेते आम नागरिक मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन

महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ राज्य सहित अन्य राज्यों से आए शोधार्थियों द्वारा शोध पत्रों का वाचन किया गया। भोपाल से आए डॉ. निलिम्प त्रिपाठी एवं रायपुर से आए ललित शर्मा ने अन्य शोधार्थियों का मार्गदर्शन किया। इसके साथ कवि सम्मेलन में स्थानीय कवियों द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दीं गई। इस अवसर पर स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत-संगीत की सुंदर प्रस्तुति दी गईं। स्थानीय कलाकारों ने भी कथक नृत्यांगना रित्विका बनर्जी की कथक प्रस्तुति सभी का मन मोहा। शोधार्थियों और कलाकारों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस दौरान अतिथियों द्वारा रचनाकार एवं गीतकार मीना वर्मा द्वारा लिखित पुस्तक "रामगढ नाट्यशाला" खण्डकाव्य तथा श्रीश मिश्र द्वारा लिखित "सन्दर्भ रामगढ- मेघदूतम की रचनास्थली सरगुजा का रामगढ़" का विमोचन किया गया।



## कोयलांचल स्थित जगन्नाथ मंदिर में धूमधाम से शुरू हुआ रथ यात्रा महापर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयलांचल बिश्रामपुर में स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में रविवार को रथ यात्रा महापर्व में पूर्णिमा के अवसर पर देव स्नान से कार्यक्रम शुरू हुआ।

इस दौरान नगर के उत्कल समाज द्वारा जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में महाप्रभु जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ मंदिर से बाहर निकल कर पूर्णिमा के अवसर पर देव स्नान करवाकर कार्यक्रम को धूमधाम से विधि विधान अनुसार संपन्न किया गया। इस अवसर पर मंदिर के वरिष्ठ कृष्ण प्रधान, नीलांबर नंदा एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव के द्वारा पारंपरिक झाड़ू प्रथा किया गया एवं समाज के द्वारा मंदिर से भगवान को स्नान मंडप में विराजमान करवा कर देव स्नान संपन्न किया गया। इस संबंध में अध्यक्ष विशाल स्वाई द्वारा बताया गया कि पूर्णिमा के दिन प्रभु का स्नान संपन्न किया जाता है, तत्पश्चात प्रभु रथ यात्रा तक 14 दिवस बीमार रहते हैं और भक्तों को इस दौरान दर्शन प्राप्त नहीं हो पता है और इन 14 दिवस तक प्रभु को काढ़ा सेवन करवाया जाता है। तत्पश्चात वे ठीक होकर रथ पर सवार होकर अपने भाई और बहन के साथ अपने मौसी के घर जाते हैं। जिसे रथ यात्रा के नाम से समूचे विश्व में धूमधाम से मनाया जाता है और इस दिवस प्रभु समस्त भक्तों को खुला दर्शन देते हैं, जो इस बार आगामी 7 जुलाई रविवार को रथ यात्रा आयोजित होना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के अशोक स्वाई,सेनापति प्रधान, एल सी त्रिपाठी, राजेंद्र प्रधान, प्रदीप त्रिपाठी, अक्षय साहू, अलंकार नायक, विद्याधर, श्रीनाथ देहूरी, प्रभाकर स्वाई आदि एवं महिला मंडल से अध्यक्ष दीप्ति स्वाई, गीता स्वाई, मंजू स्वाई, लीलावती, अनुराधा प्रधान, सविता,रीता त्रिपाठी ,प्रभासिनी नायक,कुन्नी सेवा में सक्रिय रहे।

## पांच वर्षीय बेटे की गला घोंटकर हत्या करने के बाद पिता ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

शनिवार की रात ग्राम कोटछाल में एक पिता ने अपने ही पांच वर्षीय मासूम बच्चे की गला घोंटकर हत्या कर दी। बच्चे को मौत की नींद सुलाने के बाद पिता ने भी खुद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आज सुबह जब परिवार के सदस्य सोकर उठे तो यह मंजर देखकर उनके होश उड़ गए। पिता द्वारा बेटे की हत्या कर खुद की जान लेने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक पिता की दिमागी हालात ठीक नहीं थी। बड़ी बात यह है कि तीन माह पहले ही बच्चों के मां की मौत हो गई थी ऐसे में मृतक के दो और बच्चे अब बेसहारा हो गए है।

- फांसी लगाकर दी जान, ग्राम कोटछाल की घटना, तीन माह पहले प्रसव के दौरान हुई थी बच्चों के मां की मौत

यह घटना थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम कोटछाल की है। बताया जा रहा है कि कोटछाल बैगापारा निवासी 35 वर्षीय देवकुमार मांझी आ. अमर विलास मांझी अपने माता पिता, 5 वर्षीय पुत्र दीपेश मांझी के साथ ही एक 3 वर्षीय पुत्र व तीन माह की पुत्री के साथ रहता था। युवक बीती रात परिवार के सदस्यों के साथ खाना खाकर सो गया था। आज सुबह जब देवकुमार मांझी के माता पिता सोकर उठे तो देखा कि उनका 5 वर्षीय पोता जमीन पर मृत पड़ा हुआ है जबकि बेटे का शव की फांसी पर लटका हुआ है। इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस तीन मौके पर पहुंची थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि मृतक देवकुमार मांझी की मानसिक हालत पिछले एक वर्ष से ठीक नहीं थी इसके साथ ही तीन माह पूर्व बच्ची को जन्म देते हुए पत्नी की भी मौत हो गई थी। पत्नी की मौत के बाद देव कुमार की हालत और बिगड़ गई थी। मृतक युवक को अक्सर दौरा पड़ता रहता था। इसी बीच एक माह पूर्व भी उसने अपने 5 वर्षीय बेटे दीपेश मांझी को तालाब में फेंक दिया था लेकिन उस दौरान उसकी जान बच गई। ऐसे में फिलहाल इस हत्याकांड का पता नहीं चल सका है लेकिन इस घटना को लेकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि रात को सोते समय देवकुमार मांझी ने अपने बेटे की गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर उसने खुद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में थाना प्रभारी जॉन प्रदीप लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है।



### दादा-दादी के साथ थे इस लिए बची दो की जान

बताया जा रहा है कि घटना के दौरान मृतक का एक तीन वर्षीय पुत्र व तीन माह की बच्ची अपने दादा-दादी के साथ उनके कमरे में सोए हुए थे। यदि दोनों बच्चे भी पिता के साथ होते हो शायद उनकी भी जान खतरे में पड़ जाती। तीन माह प्रसव के दौरान मां की मौत और अब पिता व भाई की मौत के बाद दोनों बच्चे बेसहारा हो गए है और उनके लालन पालन का जिम्मा बुजुर्ग दादा-दादी के कंधों पर आ गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### चल रही है जांच

मृतक की एक वर्ष से मानसिक हालत ठीक नहीं थी। इसी बीच तीन माह पूर्व पत्नी की प्रसव के दौरान मौत हो गई थी जिसके बाद से उसकी हालत बिगड़ गई थी। युवक ने अपने बच्चे की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। फिलहाल मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

**-अमोलक सिंह ढिल्लो**, एएसपी सरगुजा

## भाजपा सांसद का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



सांसद चिंतामणी महाराज के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिबाजी कर भव्य स्वागत किया। वहीं जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज में जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल के नेतृत्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-माला के साथ स्वागत किया। नगर आगमन से पूर्व सांसद चिंतामणि महाराज का जगह-जगह स्वागत किया।

भाजपा जिला कार्यालय अटल कुंज में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम से सरगुजा सांसद बना हूं। अब आपकी आवाज सदन मे उठाउंगा। क्षेत्र के विकास व जन कल्याण पहली प्राथमिकता रहेगी। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि जिले के भाजपा कार्यकर्ता व जनता ने विष्णु के सुशासन व मोदी की गारंटी पर फिर मुहर लगाया है। विधायक भूलन सिंह ने कहा कि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज के निर्वाचित होने के बाद अब हमारी ताकत दोगुनी हो गई है। प्रेमनगर क्षेत्र की जनता ने विधानसभा चुनाव के बाद एक बार पुनः लोकसभा चुनाव में भाजपा पर भरोसा जताया है।

पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रामसेवक पैकरा, वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गोयल ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि जिले के एक-एक कार्यकर्ता के परिश्रम का परिणाम है कि आज सरगुजा सांसद हमारे बीच मौजूद हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेश महलवाला ने किया। इस दौरान अजय गोयल, राजेश अग्रवाल,थलेश्वर साहू,अनूप सिन्हा, संदीप अग्रवाल, अशोक सिंह, शिव प्रसाद सिंह, शशि तिवारी, राजेश्वर तिवारी, जगमोहन सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, राम शिरोमणि साहू, अजय अग्रवाल, सुरेंद्र राजवाड़े, लीलू गुप्ता, देवधान बिंदिया, मोहन शर्मा, सुभाष राजवाड़े, मार्तंड साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शादी में शामिल होने आए व्यक्ति की संदिग्ध मौत

**अम्बिकापुर।** शादी कार्यक्रम में शामिल होने आए व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार रायपुर कृष्णा नगर टिकरा पारा निवासी शीतल कुमार आ. स्व. सिमोन तिग्गा (59 वर्ष) गुरूवार को विश्रामपुर शादी कार्यक्रम में शामिल होने आया था। इसी दौरान अचानक चक्कर आने से गिर गया। मौके पर मौजूद परिचित लोगों ने उसे तत्काल सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां स्वास्थ्य में सुधार होने पर वापस विश्रामपुर लेकर आ गए। इसी बीच पुनः चक्कर आने से गिर गया जिससे मौके पर ही अचेत हो गया। परिचित लोग शीतल को अंबिकापुर निजी अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने आज उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक जीआरपीएफ में हेड कांस्टेबल के पद पर पदस्थ था।

## शराब पीने पर पत्नी ने लगाई फटकार तो पति ने उतारा मौत के घाट, गया जेल

**रामानुजनगर।** शराब पीकर घर आए पति को जब पत्नी ने फटकार लगाई तो नाराज पत्नी की बात से नाराज हुए पति ने न सिर्फ मारपीट किया बल्कि मौत के घाट उतार दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचवटी निवासी विजय सिंह आ. सुखलाल सिंह (40 वर्ष) गत दिन ग्राम मदनपुर में घर का छप्पर मरम्मत करने गया था। इसी दौरान दोस्तों से विवाद हो गया तो शराब पीने के बाद घर पहुंचा। पति को नशे की हालत में देख पत्नी बिंदु (30 वर्ष) ने विवाद करने लगी के साथ पति को फटकार लगाने लगी। पत्नी की बात सुन पति नाराज हो गया और पत्नी पर जानलेवा हमला करते हुए बेदम पिटाई कर दी। मारपीट से पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई और पति के डर से घर से बाहर निकल गई। इधर पत्नी के गंभीर हालत को देख पति घर से फरार हो गया। इसी बीच 21 जून की तड़के महिला की घर में ही मौत हो गई। मारपीट की जानकारी लगने पर मृतिका के ससुर सुखलाल सुबह घर पहुंचा तो देखा बहू मृत हालत में पड़ी हुई थी। सुखलाल सिंह ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। आज पुलिस टीम ने आरोपी पति विजय सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## सिंगरैनी की तर्ज पर कोल इंडिया के नियमित ठेका कर्मियों को मिले दुर्घटना बीमा का लाभ

विश्रामपुर। कोल इंडिया के बीएमएस से अपेक्स जेसीसी सदस्य के लक्ष्मा ने सीआईएल चेयरमैन पीएम प्रसाद को पत्र लिखकर सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के तर्ज पर कोल इंडिया के नियमित व ठेका कर्मियों को दुर्घटना बीमा का लाभ प्रदान करने की मांग की है।

सीआईएल चेयरमैन को प्रेषित पत्र में रेड्डी ने उल्लेख किया है कि हाल ही में सिंगरैनी कोलियरीज प्रबंधन ने अपने कर्मचारियों के लाभार्थ जीवन बीमा योजना अंतर्गत कुछ बैंकरों के साथ समझौता किया है। जिसके तहत प्रत्येक स्थायी कर्मचारी का एक करोड़ व प्रत्येक ठेका कर्मचारी का चालीस लाख का दुर्घटना बीमा शून्य प्रीमियम के साथ किया जा रहा है जो कर्मचारियों के हित के लिए सराहनीय पहल है।इस प्रकार की व्यवस्था का अनुकरण कोल इंडिया और उसके अनुषंगी कंपनियों में भी बैंकरों से संपर्क स्थापित कर नियमित व ठेका कर्मियों के हितार्थ किया जा सकता है ।

## तालाब गहरीकरण में गड़बड़ी, जांच करने पहुंचे जनपद सीईओ व एसडीओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



ग्राम पंचायत गोविंदपुर में मनरेगा के तहत लाठ पोखरा तालाब कार्य में भारी गड़बड़ी करते हुए अधिकारी एवं सरपंच-सचिव द्वारा मजदूरो के बजाए जेसीबी से गहरीकरण व सफाई कराने की खबर को हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर प्रकाशन के बाद आज जनपद सीईओ, आरआईएस एसडीओं सहित टीम द्वारा तालाब का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जेसीबी से गहरीकरण कराने के निशान पाए गए।

- जेसीबी से गहरीकरण कराने का मिला निशान

तालाब गहरीकरण में गड़बड़ी किए जाने की जानकारी लगते ही जिला पंचायत सीईओ कमलेशनंदनी साहू ने तत्काल संज्ञान में लेकर जांच टीम बनाकर जनपद पंचायत प्रतापपुर के सीईओ राधेश्याम मीर्झा व एसडीओ आरआईएस विभाग लवली सिंह, पीओ पैकरा, इंजीनियर सहित जांच टीम मौके पर पहुंची और सरपंच, सचिव, उप सरपंच, पंच सहित गांव के लोगों के साथ गोविंदपुर तालाब का निरीक्षण किया। इस बीच गांव के लोगों ने तालाब गहरीकरण में गड़बड़ी करने पर अधिकारियों को घेर लिया और उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाई। ग्रामीणों ने कहा कि मनरेगा के तहत तालाब का गहरीकरण करना था लेकिन जेसीबी से आधा अधूरा कर छोड़ दिया गया जिससे गांव के लोग रोजगार से वंचित हो गए। ग्रामीणों ने जांच में किसी प्रकार की हेरा फेरी करने पर जनपद कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

जांच अधिकारी जनपद पंचायत सीईओ राधेश्याम मीर्झा ने ग्रामीणों से कहा कि मामले की सूक्ष्मता से जांच की गई है तथा सभी विषय पर जांच करते हुए स्थानीय तालाब का निरीक्षण किया गया है। जांच के दौरान जेसीबी चलने का निशान सहित बीच में तालाब की मिट्टी का ढेर पाया गया है। मनरेगा के तहत होने वाले इस कार्य में भारी लापरवाही बरती गइ्र है और पैसा आहरण किया गया है।

जांच रिपोर्ट जिला पंचायत सीईओ के पास में भेजा जाएगा। मामले में जितने लोग भी शामिल है उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की अनुशंसा की जाएगी।

## नपं के विभिन्न निर्माण कार्यों का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्यों का भूमि पूजन आज स्थानीय विधायक शकुंतला सिंह, एवं सांसद चिंतामणि महाराज की उपस्थिति में किया गया। इससे पूर्व सांसद चिंतामणि महाराज के नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाल कर स्वागत किया।

27 लाख की लागत से नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 में गंगा तालाब एवं जमुना तालाब का सौंदर्यीकरण तथा वार्ड क्रमांक 2 में पुष्प वाटिका के समीप उद्यान सौंदर्यीकरण का भूमि पूजन किया गया। नवनिर्वाचित सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि आप लोगों ने मुझे सांसद बना कर दिल्ली पहुंचाया है। आप लोगों के हर समस्या के लिए 24 घंटा खड़ा रहूंगा तथा प्रतापपुर क्षेत्र में रेल लाइन प्रारंभ तथा विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों की सौगात इस क्षेत्र को मिले अब डबल इंजन की सरकार बन चुकी है तथा विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों की सौगात इस क्षेत्र को मिलेगा। विधायक शकुंतला सिंह ने कहा कि नगर पंचायत के विकास एवं ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा जनता से जुड़ी रहती हूं। विकास कार्य के लिए कितना भी पैसा लगेगा शासन से स्वीकृति होगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी कर्मचारी अपना कार्य करने का शैली को बदले क्षेत्र से बहुत शिकायत आ रही हैं। पुलिस विभाग से लेकर पटवारी सहित अधिकारियों की शिकायत, जनपद पंचायत की शिकायत, स्वास्थ्य विभाग की शिकायत, बिजली की शिकायत सहित विभिन्न तरह की बातें सामने आ रही है जिसको संज्ञान में लिया है। अधिकारी जनता के हित में कार्य करें, क्षेत्र में भ्रष्टाचार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान अक्षय तिवारी, लक्ष्मी गुप्ता, रजनी मुकेश तायल, लाल संतोष सिंह, अंबिका जायसवाल, प्रेमपाल अग्रवाल, विनोद जायसवाल, अरविंद जायसवाल, गिरीश पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।



23-Jun- Jash-CORIYA-RAG-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/23/2024 7:34 PM Page 1





# 'पिल' से ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार रितेश..

**मुंबई।** रितेश देशमुख फिल्मों के अलावा अब वेब सीरीज की दुनिया में भी किस्मत आजमाने जा रहे हैं। वे अब अपने ओटीटी डेब्यू के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने अपनी पहली वेब सीरीज 'पिल' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। राज कुमार गुप्ता इस आगामी सीरीज के निर्देशक हैं। अभिनेता ने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा के साथ वेब सीरीज का आधिकारिक एलान किया। सीरीज के पोस्टर के साथ इसकी रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठाया गया है। रिलीज की तारीख की घोषणा के अलावा स्ट्रीमिंग प्लटफॉर्म ने सीरीज से अभिनेता का पहला लुक भी जारी कर दिया है। यह सीरीज 12 जुलाई से जियो सिनेमा पर रिलीज होगी।


## लाइफ Style

# सारा
## 'अंबानी ने हमें रोटी के साथ सोना परोसा'

सारा अली खान ने जामनगर में हुए अंबानी की पार्टी के बारे में खुलासा किया है। एक साक्षात्कार में उन्होंने मार्च में अनंत और राधिका की प्री-वेडिंग पार्टी को याद किया और मजाक में कहा, 'वे सोना परोसते थे। जैसे हम रोटी के साथ सोना खाते थे। और हर जगह हीरे थे।'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा ने फिर स्पष्ट किया, 'यह एक बहुत अच्छा, प्यारा और मेहमाननवाज कार्यक्रम था। मैं अनंत के साथ स्कूल गई हूं। मैंने राधिका को बड़े होते हुए देखा गया है। मुझे लगता है कि पूरा अंबानी परिवार बहुत अच्छे से स्वागत करने वालों में से हैं और नीता मैडम धीरूबाई अंबानी स्कूल में मेरी चेयरपर्सन थीं।' सारा ने कहा, तीन दिवसीय कार्यक्रम के सबसे यादगार हिस्से को याद करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि मेरे लिए सबसे यादगार पल वह था, जब मैंने अनंत और राधिका को देखा। कागज पर हस्ताक्षर करना और एक-दूसरे को प्यार से देखना। उन्होंने आगे कहा, यह बहुत मजेदार था, यही कारण है कि मैं आपको विशेष पलों के बारे में बता रही हूं। हर किसी ने इसे एक अलग रूप में देखा, प्रत्येक अभिनेता ने क्या पहना है, इसकी समीक्षा की। अभिनेत्री ने आगे कहा, 'जब नीता मैम ने अनंत के लिए अपना भरतनाट्यम प्रदर्शन किया। डांस के दौरान उनकी आंखों में ममता देखने को मिला। मैं ग्रीन रिट्रीट नामक स्थान पर रह रही थी। वहां सबके लिए कॉफी थी। इसलिए मैं खूब कॉफी पी रही थी, लेकिन मैं ज्यादा नहीं खा रहा था क्योंकि मुझे प्रमोशन का हिस्सा बनना था और अच्छा दिखना था।'



## हॉलीवुड मसाला



# लांच किया पहला मुफ्त फास्ट चैनल

**लॉस एंजिलिस।** बानीजे राइट्स ने 'मिस्टर बीनः द एनिमेटेड सीरीज' को समर्पित एक फास्ट चैनल लॉन्च किया है। यह पहली बार दुनिया भर में मुफ्त विज्ञापन-समर्थित सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित ब्रांड का विस्तार करता है। इस 24/7 फास्ट चैनल (फ्री एड-सपोर्टेड टेलीविजन) का शीर्षक मिस्टर बीन है। इस पर 'मिस्टर बीनः द एनिमेटेड सीरीज' के पहले तीन सीजन शामिल होंगे। यह सैमसंग टीवी प्लस, एलजी, प्लेक्स, राकुटेन टीवी और टीसीएल पर 29 क्षेत्रों में उपलब्ध होगा।




# ब्रैड 61 की उम्र में फिर बनना चाहते हैं पिता

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट 61 साल के हैं और उनके 6 बच्चे हैं पर दोबारा पिता बनना चाहते हैं। ब्रैड पिट चाहते हैं कि वह और उनकी गर्लफ्रेंड आइन्स और बच्चों के पैरेंट्स बनें। ब्रैड पिट और एंजेलिना के तलाक के बाद से उनके बच्चों के साथ रिश्ते बिगड़ गए। मालूम हो कि 61 वर्षीय स्टार ब्रैड पिट के बच्चों की उम्र 15 से लेकर 22 साल के बीच है। लेकिन साल 2019 में एंजेलिना जॉली संग तलाक के बाद से ही बच्चों और उनके बीच टेंशन चल रही है। दोनों बेटों पैक्स और मैडॉक्स के साथ उनका खूब विवाद हुआ और रिश्ते खराब हो गए। सोर्स के मुताबिक, एंजेलिना जॉली के साथ बिगड़े रिश्तों और विवाद के कारण ब्रैड पिट जूलरी डिजाइनर आइन्स के करीब आ गए। एंजेलिना और उनका तलाक साल 2019 में हुआ था, जबकि शादी 2014 में की थी।



# आलोचना करने वालों से पूछे सवाल...


**मुंबई।** कंगना रणौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक लंबा नोट लिखकर साझा किया है। इसमें उन्होंने ताकतवर महिलाओं के प्रति पुरुषों के नजरिए पर बात की है। कंगना का कहना है कि अपने आसपास सक्षम और पावरफुल महिलाओं को देख पुरुष एक धारणा बनाकर चलते हैं। इस कड़ी में उन्होंने चार सवाल पूछे हैं। कंगना ने पहला सवाल पूछा है, 'क्या हम महिलाओं से हमेशा विनम्र होने की उम्मीद करते हैं? दूसरा सवाल किया है, 'अगर महिलाएं अपनी भावनाओं से ऊपर उठकर कुछ फैसले लेने में सक्षम है तो क्या हम उन्हें जज करते हैं? तीसरा सवाल है, 'क्या यह भी सच है कि अगर किसी महिला का बाहरी रूप या व्यवहार कठोर है तो पुरुष उससे प्रतिस्पर्धा करना शुरू कर देते हैं, लेकिन यदि वह सहज है तो वे उसमें अवसर तलाशने लगते हैं।



# पहली ही फिल्म में छा गए जुनैद

**मुंबई।** आमिर खान के बेटे जुनैद खान की डेब्यू फिल्म 'महाराज' शुक्रवार 21 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म पहले 14 जून को रिलीज होनी थी, लेकिन गुजरात हाईकोर्ट की रोक के बाद रिलीज नहीं हो पाई। शुक्रवार को कोर्ट ने हरी झंडी दे दी और साथ ही कहा कि इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में जुनैद खान के अलावा जयदीप अहलावत, शालिनी पांडे और शरवरी वाघ आदि कलाकार भी हैं। फिल्म धर्म के ठेकेदार बने एक अधर्मी बाबा पर बनी है, जिसकी पोल एक पत्रकार करसनदास मुलजी ने खोली। जुनैद पत्रकार करसनदास की भूमिका में हैं। फिल्म देखने के बाद दर्शक जुनैद के अभिनय की जमकर तारीफ कर रहे हैं। पहली ही फिल्म से जुनैद ने दिल जीत लिया है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस में आते ही छलका रणवीर का दर्द

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3 के घर में अभिनेता रणवीर शौरी ने भी एंट्री मारी है। रणवीर बॉलीवुड में करीब 25 साल से काम कर रहे हैं। ऐसे में शो का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें वो अपने डूबते करियर को लेकर बात करते नजर आ रहे हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 के लाइव फीड में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शिवानी कुमारी, रणवीर शौरी से बात करती नजर आ रही हैं। शिवानी, रणवीर को देखकर पहचान नहीं पाईं कि वो एक एक्टर हैं। शिवानी रणवीर से पूछती हैं कि वो कौन हैं और क्या काम करते हैं। शिवानी की बात सुनकर रणवीर को न ही बुरा लगा न गुस्सा आया। उन्होंने बड़ी ही शालीनता से शिवानी के सवालों का जवाब देते हुए बताया कि वो फिल्मों में एक्टिंग करते हैं। इसके बाद रणवीर शौरी ने शिवानी कुमारी से अपना दर्द बयां किया। उन्होंने शिवानी से कहा कि उन्हें काम नहीं मिल रहा है। रणवीर ने बताया, 'मैं एक एक्टर हूं और पहली बार मैंने साल 1999 में पहली फिल्म की थी।' इसके बाद शिवानी पूछती हैं कि आप क्या बनते हैं हीरो या विलन। इस पर रणवीर ने कहा कि जो भी काम मिल जाए। शिवानी कहती हैं कि काम कैसा चल रहा है। ये सुनते रणवीर कहते हैं कि काम अच्छा चल रहा होता तो मैं यहां नहीं होता।

## संगीत में झनक करेगी मुजरा, अनिरुद्ध अपने प्यार के लिए लेगा स्टैंड?

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का सीरियल झनक हर एपिसोड के साथ दिलचस्प होता जा रहा है। अनिरुद्ध झनक से प्यार करता है, लेकिन फिर भी अर्शी से शादी करने जा रहा है।



इधर झनक भी अनिरुद्ध को बेहद प्यार करती है, लेकिन वो अपने प्यार का इजहार करने से डर रही है। बोस परिवार में खुशी का माहौल है। अर्शी और अनिरुद्ध के संगीत का फंक्शन हो रहा है, लेकिन बिपाशा झनक को सबके सामने बेइज्जत करने का प्लान बनाए बैठी है। अब देखना होगा कि क्या अनिरुद्ध झनक के लिए लेगा स्टैंड? झनक अनिरुद्ध और अर्शी के संगीत में सबके सामने मुजरा करेगी। झनक का डांस देखकर महफिल में लोग उससे इम्प्रेस हो जाएंगे, लेकिन बिपाशा उसकी बेइज्जती करेगी।

# ट्विंकल खन्ना ने की बॉबी देओल के काम की सराहना...

**नई दिल्ली।** बॉबी देओल ने लंबे समय के बाद जब पर्दे पर वापसी की तो सभी को हैरान कर दिया। अभिनेता ने अपने अभिनय और कौशल के दम पर खूब सराहना बटोरी। अब उनके काम की तारीफ अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना ने की है। दरअसल, ट्विंकल खन्ना ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू साल 1995 में आई फिल्म 'बरसात' से किया था। ट्विंकल ने बॉबी के साथ हाल ही में मुलाकात की, जिसके बाद उन्होंने अपनी दो तस्वीरें पोस्ट की और लिखा कि वह बॉबी देओल के प्रदर्शन से रोमांचित हैं। अभिनेत्री से लेखिका बनी ट्विंकल खन्ना ने बॉबी देओल के साथ अपनी हालिया मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'आज और कल, सिर्फ पिंकी मौसी ही उनकी प्रशंसक नहीं हैं, उन्हें अच्छा करते हुए देखकर मैं भी काफी रोमांचित हूं। पुरानी यादों का स्वाद मीठा होता है। एक-दूसरे से मिलकर मजा आया कि हम पहले कैसे हुआ करते थे। आपको ये देखकर क्या याद आता है और क्यों? मुझे कमेंट में बताएं।' बता दें कि बॉबी देओल और अक्षय कुमार अच्छे दोस्त हैं और उन्होंने 'अजनबी', 'थैंक यू' और 'हाउसफुल 4' जैसी कई फिल्में साथ में की है। बॉबी देओल ने रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' से शानदार वापसी की। उनकी अदाकारी ने लोगों को हिला के रख दिया। इससे पहले उन्हें वेब सीरीज 'आश्रम' में देखा गया था, वहां भी उनके किरदार को काफी सराहा गया था।



# सिंगर असीस ने बेटे को दिया जन्म

**नई दिल्ली।** 'रातां लम्बियां' की गायिका असीस कौर और उनके पति गोल्डी सोहेल इस समय सातवें आसमान पर हैं। शादी के बंधन में बंधने के करीब एक साल बाद इस जोड़े ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। इस खबर की खुशी दोगुनी है, क्योंकि वे विश्व संगीत दिवस के शुभ अवसर पर माता-पिता बने हैं। सोशल मीडिया पर सभी सिंगर को ढेर सारी शुभकामनाएं दे रहे हैं। 21 जून को असीस कौर और उनके पति गोल्डी सोहेल ने अपने जीवन की सबसे खास खबर साझा करने के लिए अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट किया। जोड़े ने अपनी एक प्यारी सी तस्वीर साझा की। तस्वीर में, 'अख लड़ जावे' गायिका अपने पति की गोद में सिर रखे हुए दिखाई दे रही हैं। इस बीच, उनके पति गायिका के हाथों में पकड़े गए छोटे जूतों को बड़े प्यार से देख रहे हैं। पीले रंग की ड्रेस पहने, असीस की प्रेग्नेंसी ग्लो को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, जबकि वह तस्वीर में अपना बेबी बंप दिखा रही हैं। कपल ने कैप्शन में लिखा, 'वाहेगुरु तेरा शुक्र है, अपार खुशी और कृतज्ञता के साथ, हम विश्व संगीत दिवस पर अपने प्यारे बच्चे के जन्म की घोषणा करते हैं! इस विशेष दिन ने हमें हमारे जीवन की सिम्फनी में सबसे मधुर नोट से नवाजा है। हमारे दिल प्यार, खुशी और कृतज्ञता से भर गए हैं।' गौरतलब है कि 18 जून को असीस और गोल्डी ने अपनी पहली शादी की सालगिरह मनाई। एक पोस्ट में, कपल ने इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए रोमांटिक तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की।



## बतौर डांसर व मेजबान टीवी पर काम करने के बाद राघव ने फिल्मों में कदम रखा

# इन कलाकारों ने बतौर डांसर शुरू किया था करियर, अदाकारी से भी मनवाया लोहा

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा का इतिहास 100 साल से भी ज्यादा पुराना है। इस दौरान एक से बढ़ कर एक कलाकारों ने फिल्मी पर्दे पर अपना जलवा बिखेरा। कई ऐसे भी कलाकार हुए, जिन्होंने अपना फिल्मी सफर एक अभिनेता के तौर पर शुरू भी नहीं किया था, लेकिन बाद में वह एक बेहतरीन अभिनेता बन गए। आज हम बात करने वाले हैं, ऐसे कलाकारों के बारे में, जिन्होंने बतौर डांसर अपने करियर की शुरुआत की और खूब नाम भी कमाया। इसके बाद जब वह बतौर अभिनेता पर्दे पर आए, तो वहां भी उन्हें दर्शकों से काफी प्यार और सराहना मिली।*

**प्रभुदेवा :** इस कड़ी में सबसे बड़ा और ताजा नाम हैं प्रभुदेवा का। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत बतौर डांसर और कोरियोग्राफर की थी। आज वह देश के जाने-माने कोरियोग्राफर, फिल्म निर्देशक और अभिनेता हैं। उन्हें विभिन्न प्रकार के डांस मे महारत हासिल है। देश भर में सभी डांसर्स इनका काफी सम्मान करते हैं और अपने लिए प्रेरणास्त्रोत मानते हैं। उन्होंने सबसे पहले साल 1989 में रिलीज हुई कमल हासन अभिनीत फिल्म 'वेत्री विझा' फिल्म में बतौर कोरियोग्राफर काम किया था। इसके पहले वह एक दो फिल्म के कुछ सीन्स में दिखे थे। बैकग्राउंड डांसर के तौर पर उन्होंने साल 1988 में आई तमिल फिल्म 'अग्नि नटचथिरम' में काम किया था। इसके बाद वह लगातार बतौर कोरियोग्राफर काम करते रहे और उन्होंने अपना एक खास मुकाम बना लिया। कोरियोग्राफी में बेहतरीन योगदान देने के लिए उन्हें साल 2019 में पद्मश्री के सम्मान से नवाजा गया। कोरियोग्राफी के बाद वह पहली बार बतौर मुख्य अभिनेता वह साल 1994 में आई फिल्म 'इंदू' में नजर आए। इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में काम किया और एक अभिनेता के रूप में भी खुद की एक पहचान बनाई। एक बार फिर वह अपनी आगामी फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। वह अभिनेता विजय थालापति के साथ आगामी फिल्म 'गोट' यानी ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम मे नजर आने वाले हैं।



**राघव जुयाल :** राघव जुयाल टीवी जगत के काफी मशहूर कलाकार हैं। उन्हें बतौर डांसर, मेजबान, अभिनेता जाना जाता है। राघव टीवी की दुनिया में पहली बार डांस आधारित शो 'डांस इंडिया डांस' में नजर आए थे। शो पर उनकी विशेष शैली वाली डांस और उनका चुलबुला अंदाज काफी पसंद किया गया। इस शो के बाद वह कुछ और डांस पर आधारित शोज में बतौर मेजबान नजर आए। उन्होंने 'डांस प्लस' जैसे शो के कई सीजन की मेजबानी भी की। इसके अलावा उन्होंने 'दिल है हिंदुस्तानी' के दूसरे सीजन की मेजबानी भी की। बतौर डांसर और मेजबान टीवी पर काम करने के बाद राघव ने फिल्मों में कदम रखा। उन्होंने 'सोनाली केबल', 'एबीसीडी 2', 'नवाबजादे', 'स्ट्रीट डांसर', 'बहुत हुआ सम्मान', 'किसी का भाई किसी की जान' जैसी फिल्मों में अपनी अदाकारी की छाप छोड़ी। इस वक्त वह अपनी आगामी फिल्म 'किल' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में वह विलेन की भूमिका में नजर आने वाले हैं। उन्हें इस किरदार के लिए काफी तारीफें मिल रही हैं।



**काजल अग्रवाल :** अभिनेत्री काजल एक जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने साल 2004 की बॉलीवुड फिल्म 'क्यूं हो गया ना' से फिल्मों में डब्यू किया था। काजल ने इस फिल्म में ऐश्वर्या राय की छोटी बहन का रोल निभाया था, जिसपर दर्शकों का ज्यादा ध्यान नहीं गया। हालांकि, इसके बाद भी उन्होने हार नहीं मानी और अपनी मेहनत की बदौलत एक मशहूर अभिनेत्री बनीं। उन्होंने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्में की हैं। एक समय पर वह दक्षिण भारतीय फिल्मों में शीर्ष अभिनेत्रियों में शामिल थीं। हाल में ही वह फिल्म 'सत्यभामा' में नजर आई थीं, इस फिल्म में उन्होंने पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया था। काजल अभिनेत्री बनने से पहले एक बैकग्राउंड डांसर के तौर पर काम करती थीं।



**धर्मेश येलांडे :** धर्मेश येलांडे आज एक मशहूर डांसर, कोरियोग्राफर और अभिनेता के तौर पर जाने जाते हैं। वह टीवी पर सबसे पहले साल 2010 में 'डांस इंडिया डांस' शो में नजर आए थे। इस शो की वजह से वह बतौर डांसर काफी मशहूर हो गए। इसके बाद उन्होंने 'डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स' और 'डांस के सुपरस्टार्स' में भी भाग लिया। उन्हें मशहूर कोरियोग्राफर सह निर्देशक फराह खान ने अपनी फिल्म 'तीस मार खान' के लिए धर्मेश को बतौर कोरियोग्राफर काम दिया था। इसके बाद उन्होंने कई और डांस पर आधारित शा में काम किया। टीवी के बाद उन्होंने फिल्मों में भी बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरुआत की। वह साल 2013 की डांस आधारित फिल्म 'एबीसीडी' से अभिनय में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने कई और फिलमों में काम किया। 'बैंजो', 'नवाबजादे', 'सफलता 0 किमी' आदि फिल्मों में उनके अभिनय की सराहना भी की गई।



23- JUN- RAG -BHOOMI-PG-4_Layout 1 6/23/2024 9:59 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### रोजगार सह प्लेसमेंट कैम्प मेला कल

**रायगढ़।** निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 25 जून 2024 को प्रातः 10 बजे से शासकीय आईटीआई घरघोड़ा, जिला रायगढ़ में रोजगार सह प्लेसमेंट कैम्प मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें तीन निजी संस्थानों में रिक्त विभिन्न 52 पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें मे टीआरएन एनर्जी प्रा लिमिटेड टेण्डा नवापारा रायगढ़ में सीनियर फीटर, फीटर, वेल्डर, सीनियर टेक्नीशियन, टेक्नीशियन, हेल्फर, सीनियर इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रीशियन एवं फील्ड ऑपरेटर के रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी तरह मे सिंघल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज तरईमाल पो. गेरवानी रायगढ़ द्वारा ट्रेनी तथा मे फेबोका मैटल्स प्रालिमि गेरवानी रायगढ़ द्वारा क्वालिटी इंस्पेक्शन स्टोर, वेल्डर, फीटर एवं लैथ ऑपरेटर के पद शामिल है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### हायर सेकण्डरी परीक्षा की पुनर्गणना पुनर्मूल्यांकन परीक्षा का परिणाम जारी

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 के पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन का परीक्षा परिणाम जारी किया गया है। पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन के परीक्षा परिणाम माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पुनर्गणना के कुल एक हजार 84 आवेदन एवं पुनर्मूल्यांकन के कुल 9 हजार 876 आवेदन इस प्रकार कुल 10 हजार 960 आवेदन प्राप्त हुए थे। मण्डल द्वारा जारी परिणाम में पुनर्गणना के 153 एवं पुनर्मूल्यांकन के 4 हजार 284 इस प्रकार कुल 4 हजार 437 आवेदकों के अंकों में परिवर्तन हुआ है।

### जिला कम्युनिटी रिसोर्स ग्रुप की बैठक संपन्न

**रायगढ़।** अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नीलाराम पटेल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला कम्युनिटी रिसोर्स ग्रुप की बैठक जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में किसी भी एड्स पीड़ित व्यक्ति से भेदभाव नहीं करने एवं कार्यक्रम के सुचारू संचालन के संबंध में तथा एड्स बीमारी की लक्षण एवं रोकथाम की उपाय के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला स्तर में उपलब्ध मानव संसाधन की आपूर्ति करने हेतु राज्य कार्यालय को पत्र लिखने हेतु निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में नाको के गाइडलाइन का जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी द्वारा बताया गया कि पूरे आबादी की 95 प्रतिशत जनरल पापुलेशन का स्क्रीनिंग कर उसमें से 95 प्रतिशत की जांच सुनिश्चित करने एवं उसमें से पाए गए पॉजिटिव को 95 प्रतिशत लिंक आईआरसीटी करने हेतु बताया गया।

### किंकारी जलाशय में मछली पालन के लीज हेतु आवेदन कल तक

**सारंगढ़।** मछली पालन विभाग द्वारा बरमकेला ब्लॉक के किंकारी सिंचाई जलाशय के औसत जलक्षेत्र 208 हेक्टेयर को दस वर्षीय लीज पर दिया जाना है जिसके लिए आवेदन 25 जून तक आवश्यक दस्तावेजों सहित कार्यालय सहायक संचालक मछली पालन सारंगढ़ बिलाईगढ़ ग्राम छिन्द प्रक्षेत्र में कार्यालयीन दिवस में जमा कर सकते हैं। अपूर्ण आवेदन एवं विलंब से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। जलाशय आवंटन की प्राथमिकरण क्रम है, जिसके पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति सामान्य क्षेत्र में धीवर, ढीमर, निषाद, केंवट, कहार, कहरा, मल्लाह, मछुआ स्व सहायता समूह सामान्य क्षेत्र में धीवर, ढीमर, निषाद, केंवट, कहार, कहरा, मल्लाह, मछुआ व्यक्ति, महिला स्व सहायता समूह, ऐसा मछुआ व्यक्ति, मत्स्य कृषक, बेरोजगार युवा, मछली पालन में डिप्लोमा हो। ऐसे क्षेत्र जहां वर्ष 1965 या उसके पश्चात मकान भूमि आदि डूब में आने के कारण कोई परिवार विस्थापित हो गए हो उनके समूहए समिति को संबधित जलक्षेत्र में पट्टे पर दिए जाने की प्राथमिकता दी जाएगी।

### फुटबॉल कोच के लिए साक्षात्कार कल

**सारंगढ़।** भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में खेलो इंडिया का फुटबॉल लघु प्रशिक्षण केंद्र स्वीकृत किया गया है। योजना की गाइडलाइन अनुसार प्रशिक्षण केंद्र के लिए एक प्रशिक्षक नियुक्त किया जाना है। प्रशिक्षक के लिए योग्यता फुटबॉल में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी या सीनियर वर्ग की नेशनल ओपन चैंपियनशिप फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित में प्रतिनिधित्व या अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व और प्रशिक्षण कार्य का अनुभव होना चाहिए। अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ 25 जून को दोपहर 2 बजे कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ में उपस्थित होकर वॉक इन इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षक को प्रति माह 25 हजार रूपए का मानदेय दिया जाएगा।

### 6 लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना प्रभारी पूंजीपथरा को मुखबीर से तमनार चौक पर स्थित ढाबे के पास अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री की सूचना मिली। थाना प्रभारी के निर्देशन पर पूंजीपथरा स्टाफ द्वारा तमनार चौक पूंजीपथरा में घेराबंदी कर आरोपी गिरीराज सिंह पिता स्वर्गीय नृपत सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी चमरावाला थाना नगीना जिला बिजनौर उप्र हाल मुकाम पूंजीपथरा साहू होटल जिला रायगढ़ को 10 लीटर क्षमता वाली जरिकेन में रखा हुआ 7 बल्क लीटर महुआ शराब' के साथ पकड़ा गया है। वहीं एक अन्य कार्यवाही में पूंजीपथरा पुलिस द्वारा तमनार चौक के पास महिला आरोपिया सुशीला साहू पति उग्रसेन साहू उम्र 29 वर्ष निवासी गोदगोदा थाना पूंजीपथरा जिला रायगढ़ को 10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरिकेन में भरा करीब 6 बल्क लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया है। थाना पूंजीपथरा में दोनों आरोपियों पर पृथक पृथक धारा 34,2,59 क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। पूंजीपथरा पुलिस ढाबा होटल में अवैध शराब बिक्री पर निगाह रखे हुए है।

## गृह प्रवेश में शामिल हुए कलेक्टर

# पीएम जनमन योजना से दो बिरहोर परिवारों का पक्का घर हुआ तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खुद का पक्का मकान होना हर किसी का सपना होता है और जब वह सपना पूरा होता है तो उसकी खुशियां ही अलग होती हैं। ऐसा ही सपना रायगढ़ में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति के दो बिरहोर परिवारों का आज पूरा हुआ।

पीएम जनमन योजना से लैलूंगा के कुर्रा गांव में गुरबारी बिरहोर और रतिराम बिरहोर को आज उनके पक्के मकान की सौगात मिली। घर का निर्माण पूर्ण होने के बाद पूरे विधि विधान से गृह प्रवेश की रस्म पूरी हुई। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल आज उनकी खुशी में शामिल होने सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम लैलूंगा अक्षा गुप्ता, सीईओ जनपद पीएस मरकाम सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों को साथ लेकर पहुंचे, बल्कि गृह प्रवेश की पूजा में हितग्राही परिवारों के साथ सम्मिलित हुए। कलेक्टर कार्तिकेया


गृह प्रवेश करते हुए।

गोयल ने हितग्राहियों को उनके नए घर की बहुत बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपके पक्के घर का सपना पूरा हुआ जिसकी हम सभी को बेहद खुशी है। उन्होंने बताया कि सरकार पीएम जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के सभी लोगों को दूसरी सभी प्रकार की जनहितैषी योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें पक्के आवास के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कार्यरत है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के साथ साथ शासन से अन्योदय राशन कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन, आयुमान कार्ड योजना का लाभ हितग्राहियों को दिया जा रहा है।

विकास खण्ड मुख्यालय लैलूंगा के ग्राम पंचायत कुर्रा में विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय की श्रीमती गुरबारी बिरहोर रहती हैं। उनके पति दिलसाय का बीते तीन वर्ष पहले निधन हो गया था। खेती बाड़ी, रोजी मजदूरी के साथ प्लास्टिक रस्सी से गेरवा बनाकर जीवन यापन करते हुए वह गांव में अकेली अपने एक कच्चे मकान में रह रही थी। जो बरसात में हर समय परेशानी खड़ी करता था। बारिश के दिनों में उन्हें जहरीले जीव जन्तुओं का डर बना रहता था। लेकिन जब गुरबारी को पीएम जनमन आवास योजना के अंतर्गत उन्हें पक्का घर स्वीकृत हुआए तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

योजना की किश्तों की राशि से अब अपना पक्का मकान तैयार हो गया है। इसी प्रकार रतिराम बिरहोर के नाम से आवास स्वीकृत हुआ। इनके परिवार में पत्नी के साथ 02 पुत्र एवं पुत्री कुल 06 लोग रहते है। आवास स्वीकृति पूर्व इनका आवास घासफुस, झुग्गी झोपड़ी, कच्चा मकान था। खेती बाड़ी, रोजी मजदूरी से वे जीवन यापन करते हैं।

## गुमशुदा बालिका रेलवे स्टेशन पर युवक के साथ मिली

**रायगढ़।** गुमशुदगी से जुड़े एक मामले में कोतवाली पुलिस ने गुमशुदा बालिका को एक लड़के के साथ रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर पकड़ लिया। आरोपी युवक को पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।



गुम बालिका के संबंध में 23 दिसंबर 2023 को बालिका की मां द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 21 दिसंबर के सुबह बालिका बिना बताए कहीं चली गई थी जिसे मोहल्ले तथा आसपास पता किया गया बालिका का कहीं पता नहीं चला। थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 के तहत अज्ञात आरोपी पर अपराध पंजीबद्ध कर बालिका का पतासाजी की जा रही थी। विवेचना दरम्यान बालिका को पुरुषोत्तम दुबे उर्फ पिंटू जिला सरगुजा द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की जानकारी मिली। बालिका और संदेही लगातार निवास स्थान बदला जा रहा था कि कल गुम बालिका और संदेही युवक को रायगढ़ रेलवे स्टेशन के पास देखा गया। कोतवाली पुलिस द्वारा बालिका और संदेही को अभिरक्षा में लिया गया। बालिका का महिला अधिकारी से कथन एवं काउंसलिंग कराया गया जिसमें बालिका बताई कि पुरुषोत्तम रायगढ़ में काम करता था जिससे जान परिचय था। पिछले साल 21 दिसंबर को पुरुषोत्तम शादी कर पत्नी बनाकर रखने का विश्वास दिलाकर अपने साथ अंबिकापुर ले गया जहां एक किराए मकान में पत्नी की तरह रखा फिर उसके बाद महाराष्ट्र ले गया था।

बालिका के कथन मेडिकल पर प्रकरण में धारा 366, 376,2,ढ़ 4,6 पॉक्सो एक्ट की धारा विस्तारित कर आरोपी पुरुषोत्तम दुबे उर्फ पिंटू पिता स्व. वेद प्रकाश दुबे उम्र 19 साल निवासी गुमगराखुर्द मोहल्ला आमाटिकरा थाना लखनपुर जिला सरगुजा' को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश कर जेल दाखिल किया गया है। गुम बालिका की पतासाजी और पतासाजी की गिरफ्तारी की कार्यवाही थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल एवं महिला उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर की विशेष भूमिका रही है।

## 202 रक्तवीरों ने किया पूर्व विधायक रोशनलाल की जयंती पर रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर के पत्रकार व पूर्व विधायक स्व. रोशनलाल अग्रवाल की जयंती पर 20 जून को उनकी स्मृति में कमलम परिवार द्वारा अग्रोहा भवन में आयोजित विशाल रक्दान शिविर में 202 लोगों ने ब्लड डोनेट किया। इस शिविर में महिलाओं युवतियों व पहली बार ब्लड डोनेट करने वालो में भी उत्साह देखा गया। उन्होंने भी बढ़.चढ़ कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया।

जननेता स्व. रोशन लाल की जयंती के अवसर पर पूरे जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। सेवा ब्लड बैंक के प्रमुख प्रेम साहू व टीम, रायगढ़ ब्लड बैंक के प्रमुख पंकज कश्यप व टीम सहित लक्ष्य ब्लड बैंक के डायरेक्टर डॉ. सोनल केडिया व टीम संस्थापक विमल अग्रवाल रक्तवीर, मेडिकल कालेज के प्रमुख व उनके स्टाफ की देखरेख में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रक्तदान शिविर का शुभारंभ रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया, भाजपा वरिष्ठ नेता सुगनचंद फरमानिया सहित नगर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर में विशेष रूप से वित्त मंत्री ओपी चौधरी, रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, कलेक्टर कार्तिकेय गोयल, परम पूज्य संत



रामप्रिय दास, सुगन चंद फ़रमानिया, वकील बाबूलाल अग्रवाल सहित कमलम परिवार के सभी सदस्य थे।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रोशनलाल अग्रवाल के छायाचित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. जननेता रोशनलाल अग्रवाल की जयंती पर इस रक्तदान कार्यक्रम से अच्छा कोई दूसरा कार्यक्रम नहीं हो सकता था। रक्तदान मानवता के लिए बहुत जरूरी है। रोशनलाल की जो छवि है। उसी के अनुरूप यहां हर वर्ग और हर समाज के लोग आए हुए हैं, जो कि उनके चाहने वालों के दिल में उनके लिए प्यार व सम्मान को दिखाता है। उनके साथ बिताते पलों को नम आंखों से साझा किया। रक्तवीरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### बाजार बस्ती के खराब ट्रांसफार्मर को शिकायत के बाद तीन घंटे के अंदर बदला

**जशपुरनगर।** नारायणपुर बाजार बस्ती के खराब ट्रांसफार्मर से पीड़ित लोगों द्वारा बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में शिकायत की गई थी कि ट्रांसफार्मर के खराब होने के करण बस्ती में हमेशा बिजली की समस्या बनी रहती है। शिकायत पर निर्णय लेते हुए ट्रांसफार्मर को बदलने का आदेश विद्युत विभाग को दिया गया। विद्युत विभाग ने आदेश के



परिपालन में तीन घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर को बदलते हुए नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। नारायणपुर के लोगों ने मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय को साधुवाद देते हुए भविष्य में भी लोकहित में इसी तरह तत्काल निर्णय लेकर समाधान की उम्मीद जताई है। जिले के विकासखंड बगीचा के ग्राम पंचायत साहीडांड के तेतरटोली में पिछले तीन दिनों से अंधेरा पसरा रहा। रात के वक्त लोगों की जिंदगी बिजली के बिना बेहाल हो गई थी। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण लोगों को पिछली दो रातें अंधेरे में गुजारनी पडी। ग्रामीणों के द्वारा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में फोन से समस्या बताई गई। और तत्काल नागरिकों की समस्या को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर बिजली विभाग के द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगा कर बिजली व्यवस्था को सुचारू रूप से बहाल किया गया। मुख्यमंत्री का बगिया स्थित कार्यालय जिले के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

## देवस्नान पूर्णिमा पर उमड़े श्रद्धालु

**पुसौर।** पुसौर के श्रीराम जगन्नाथ मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति रथयात्रा के पूर्व देवस्नान पूर्णिमा के अवसर पर यहां के पुरोहित पुजारी एवं यजमान व श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम होता रहा है। इस वर्ष इसके लिए पिछले कई दिनों से तैयारी की जा



रही थी। अलके सुबह ही बिप्र जन अलग अलग स्थानों से जल लाकर भगवान को सुवासित जल से नहलाने की प्रक्रिया आरंभ की गई। इसमें नियमित हो रहे पूजा अर्चना के बाद भगवान जगन्नाथ बलभद्र एवं देवी सुभद्रा को गर्भ गृह से बाहर निकाला गया और इन सबके उपस्थिति में वेदोक्त मंत्रोच्चार के साथ सुवासित जल में नहलाया गया। इस बीच कई तरह की स्तुतियां की गई जिसमें उपस्थित श्रद्धालुजन भाव विभोर हुए। जानकारी के मुताबिक पुजा के अंत में छप्पन भोग नामक प्रसाद सबको वितरीत किया गया। इस कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत, उपाध्यक्ष मोहित सतपथी एवं नेता प्रतिपक्ष उमेश साव भी श्रद्धानत होकर शामिल हुए।

## पुसौर रामलीला दल पहुंचा पुरी धाम

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर में सैकडों वर्षो से मंचन होते आ रहे रामलीला का टीम को इसके आयोजन में लगभग एक माह से अधिक समय लग जाता है और इसे गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराने हर संभव प्रयास करते हैं जिसमें इन्हें कई



तरह के परेशानी एवं आपसी मतभेद आदि का सामना करना पडता है इस विसंगति को दूर करने के इरादे से एक धार्मिक गेट टू गेदर करने इस वर्ष पुरी धाम जाकर भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के दर्शन करने का योजना बनाया। जानकारी के मुताबिक उक्त दर्शनयात्रा नगर पंचायत के उपाध्यक्ष मोहित सतपथी, नेता प्रतिपक्ष उमेश साव तथा पार्षद ओकेश बेहरा के अगुवाई में हुआ जिसका नेतृत्व रामलीला समिति के अध्यक्ष बैकुण्ठ गुप्ता, रामलीला मंचन के डायरेक्टर सुरेश महाणा एवं अन्य लोगों द्वारा की गई।

## पॉवर उद्योग के कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून को अदाणी पॉवर लिमिटेड के ग्राम बड़े भंडार और मिलूपारा में योग दिवस मनाया गया, जिसमें दोनों ब्लॉक के कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा योग अभ्यास, सूर्य नमस्कार, जुम्बा डांस और मेडिटेशन किया गया।

इसके साथ ही ग्राम बड़े भंडार के स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय में भी योग दिवस के उपलक्ष्य में कई आयोजन किए गए जिसमें ग्राम बुनगा, सुपा, अमलीभौना और कठली के 140 से अधिक लोगों ने योग अभ्यास किया। यहाँ योग अभ्यास के अलावा पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें, स्कूली छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही ग्राम मिलुपारा के आदर्श ग्राम्य भारती



विद्यालय में भी 75 लोगों ने योग अभ्यास में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर ग्राम बड़े भंडार के सरपंच प्रतिनिधि दीनबंधु सिदार ने योग पर अपने विचार रखते हुए कहा कि योग से हमे असीमित ऊर्जा मिलती है साथ ही हमारा तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं इसलिए हम सभी को योग को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अदाणी फाउंडेशन के शिक्षा कार्यक्रम उत्थान प्रोजेक्ट से जुड़े समस्त उत्थान सहायक प्राचार्य एस एन सिदार के साथ ही पंचायत प्रतिनिधि उपसरपंच यशवंत प्रधान भी मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए परमेश्वर गुप्ता, सोमप्रभा गोस्वामी और निलेश महाना का भी आभार प्रकट किया गया।

### घरेलू विवाद में बहू ने बसूला मारकर सास की ली जान

**जशपुरनगर।** घरेलू विवाद में बसूला मारकर सास की जान लेने वाली कलयुगी बहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी साहित कुमार 40 साल निवासी कोनपारा ने 20 जून को थाना तुमला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह 9 बजे वह कुम्हारबहार गया हुआ था। 11 बजे उसके पुत्र ने उसे फोन पर बताया कि मां मुन्नी बाई ने दादी पुनो बाई 65 साल को लोहे का बसूला से वारकर हत्या कर दिया है एवं जंगल की ओर भाग गई है। साहित कुमार की रिपोर्ट पर धारा 302 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के परिपालन में पुलिस टीम द्वारा प्रकरण की अभियुक्त मुन्नी बाई की पतासाजी कर अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में मुन्नी बाई ने बताया कि उसकी सास आए दिन उसे चिढ़ाती थी एवं लड़ाई-झगड़ा करती थी। इसी बात से नाराज होकर उक्त दिनांक को घर में रखे लोहे का बसूला से सास पुनो बाई के सिर, गर्दन में वारकर हत्या कर दी।

## केलोविहार कॉलोनी में भागवत कथा कल से

**रायगढ़।** केलोविहार कॉलोनी में आशुतोष शिवमंदिर प्रागंण में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्तहा का आयोजन 25 जून से 3 जुलाई तक किया जाएगा। इस भागवत कथा में पंडित सुरेश सतपथी कथा वाचन करेंगे। श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ 25 जून को भव्य कलशयात्रा के साथ किया जाएगा। जिसके बाद 25 जून को श्रीमद. भागवत कथा महात्म्य, भक्ति कष्ट निवृति, गोकर्णकथा, कथा की विधि, 27 जून को अवतारचरित्र, परीक्षित, जन्म, कुंती स्तुति, वराह अवतार, विदुर मैत्रेय संवाद, 28 जून को कपिलोपाख्यान, सतीचरित्र, धुव्रचरित्र, भरतचरित्र, अजामिल कथा वृत्त, चतुःश्लोकी, 29 जून को प्रहल्ल्द चरित्र, गजेन्द्रमोक्ष, समुद्रमंथन, वंशानुचरित्र, रामजन्म कृष्ण जन्म कथा, 30 जून को गोकुल में नन्दोत्सव, पुतनाउद्धार, बाललीला माखनचोरी, गोवर्धनलीला, छप्पन भोग, 1 जुलाई को रासपंचाध्यायी युगलगीत मथुरागमन, उद्धवचरित्र, भ्रमरगीत, रूक्मणी मंगल, 2 जुलाई को श्रीकृष्ण के अन्यान्य विवाह, मणिचोरी, नृगचरित्र, सुदामाचरित्र, वेदस्तुति, कथा विश्राम तथा 3 जुलाई को गीतापाठ, तुसलीवर्षा, यज्ञपूर्णाहूति, सहस्त्राधारा, दोपहर को महाभंडारा, महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

## थैलेसीमिया बीमारी के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने दी जानकारी

**रायगढ़।** सीएमएचओ डॉ.बीके चंद्रवंशी ने थैलेसीमिया बीमारी से बचाव एवं उसके लक्षण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि थैलेसीमिया से निपटने के लिए समय पर इसका पता लगाना और रोकथाम सबसे प्रभावी रणनीति है। अभी भी बहुत से लोग इस बीमारी और इससे बचाव के तरीको से अनजान है यह जरूरी है कि इस क्षेत्र के सभी निवेशक थैलेसीमिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में इन रोगो सें प्रभावित बच्चों के उपचार में सहायता की एक अनूठी सीएसआर पहल शुरू की है।

नोडल अधिकारी डॉ. नेहा गोयल एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा ने बताया कि थैलेसीमिया यह एक वंशानुगत रक्त विकार है जिसके कारण आपके शरीर में सामान्य से कम हिमोग्लोबिन होता है। हिमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं को ऑक्सीजन ले जाने में सक्षम बनाता है जिससे थैलेसीमिया भी एनीमिया का कारण बन सकता है जिससे आपको थकान हो सकती है। इसमें थकान, कमजोरी, पीलापन और धीमी रफ्तार से विकास पूरे शरीर में कमजोरी, खून की कमी जैसे लक्षण होते है यह एक दुलर्भ और दुरूसाध्य रोग है जिसमें रोगी का जीवन बचाने के लिये आजीवन बारम्बार रक्त की आवश्यकता पड़ती है और अन्य महंगे चिकित्सीय उपाय करने पड़ते है इसी पर अनुमानित भारत में 10,000 से भी अधिक थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चे जन्म लेते है इसी प्रकार हर वर्ष 9400 लोगो में एप्लास्टिक एनीमिया की पुष्टि होती है ये रोग स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर बड़ा बोझ डालने के साथ.साथ प्रभावित परिवारों पर विशेष रूप से ग्रामीण और निर्धन पृष्ठभूमि वाले वाले परिवार पर भावनात्मक मनोवैज्ञानिक और आर्थिक बोझ डालते है। इन रोगों का स्थायी इलाज है हिमेटोपॉइटिक स्टेम सेल ट्रांसप्लांटेशन एचएससीटी जिसे बोनमैरो ट्रांसप्लांट बीएमटी भी कहते है।

